Title: Demand to lift the ban imposed on the onion exports and to bring it under the essential commodities.

श्री उत्तमराव ढिकले (नासिक) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान महाराष्ट्र में प्याज उत्पादन की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। महाराष्ट्र के कुछ सांसदों ने आपको लिखित रूप में सूचना दी है और आपने इस अवसर पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार मानता हूं।

---

* Not Recorded.

उपाध्यक्ष महोदय : आप संक्षिप्त रूप में यह बताइए कि भारत सरकार को क्या कहना चाहते हैं।

श्री उत्तमराव ढिकले : महोदय, हमारे देश में प्याज की पैदावार कुछ ज्यादा ही होने वाली है और ऐसी स्थिति में हमारे देश में प्याज को खरीदने के लिए ग्राहक नहीं होगा। ग्राहक न होने की स्थिति में दिन-ब-दिन प्याज के दाम गिरते जा रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : आप यह बताइए कि भारत सरकार को क्या करना चाहिए।

श्री उत्तमराव ढिकले : महोदय, किसानों के सामने समस्या यह है कि वह प्याज को कहां रखे। प्याज थोड़े दिनों मे खराब हो जाती है। प्याज का अच्छा दाम न मिलने से किसान प्याज को खेत से मार्केट में भी नहीं ले जा सकते हैं, क्योंकि उत्पादन खर्च और वाहन खर्च भी नहीं मिलता है। किसानों ने बैंकों से कर्जा लिया है, ऐसी स्थिति में वे ब्याज भी नहीं दे सकेंगे, तो कर्जा कहां से देंगे।

मैं आपसे विनती करता हूं कि जिस क्षेत्र से मैं चुनकर आया हूं वह नासिक जिला महाराष्ट्र में प्याज के लिए प्रसिद्ध है। महाराष्ट्र में पूना, सतारा, अहमदनगर जिले प्याज की बहुत ऊपज करते हैं। मेरी सरकार से मांग है कि प्याज के निर्यात के ऊपर जो पाबंदी लगाई हुई है वह उठाई जाये और प्याज को अति आवश्यक गुडस से निकाला जाये, जिससे किसानों को कम से कम प्याज का समर्थन मूल्य तो दिया जाये।

श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण-मध्य) : उपाध्यक्ष जी, किसानों को कम से कम समर्थन मूल्य तो दिलाया जाए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I cannot compel the Government.

सरकार ने आपकी मांग सुन ली है।